अपने घर पर बोली जाने वाली भाषा (होम लैंग्वेज) का उपयोग करना - अभिभावक जानकारी पत्रक (पेरेंट फैक्टशीट)

माता-पिता/देखभालकर्ताओं के लिए जानकारी

माता-पिता और देखभालकर्ता बच्चे की शिक्षा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होते हैं। यह जानकारी पत्रक माता-पिता और देखभालकर्ताओं को बच्चे की घरेलू भाषा/ओं को बनाए रखने के महत्व को समझने में सहायता देने के बारे में सलाह प्रदान करता है।

बहुभाषावाद के लाभ

यदि आप बहुभाषी हैं, तो इसका अर्थ है कि आप एक से अधिक भाषाओं में बातचीत कर सकते/ती हैं। बहुभाषी बच्चे की परवरिश करने के कई लाभ हैं।

बहुभाषी मस्तिष्क होने से आपके बच्चे का ध्यान बेहतर हो सकता है और वह कार्यों के बीच बेहतर ढंग से अदला-बदली कर सकता है। वास्तव में, शोध से पता चलता है कि "स्कूल और घर, दोनों जगह घरेलू भाषाओं को बनाए रखने से अंग्रेज़ी सीखने में बाधा नहीं आती है, [बल्कि] ऐसा करना अंग्रेज़ी सीखने के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन बन जाता है" (Hertzberg और Valdez, 2026, पृष्ठ 20)। इस कारणवश, जो बच्चे अंग्रेज़ी सीखते हैं और अपनी घरेलू भाषा सीखना भी जारी रखते हैं, बाद के वर्षों में उनके द्वारा उच्च शैक्षणिक उपलब्धि प्राप्त करने की संभावना उन छात्रों की तुलना में अधिक होती है जो अंग्रेज़ी सीखते हैं पर अपनी घरेलू भाषा को भूल जाते हैं। माता-पिता और देखभालकर्ताओं को अपने बच्चों के साथ अपनी घरेलू भाषा में बोलने और, जहाँ संभव हो, पढ़ने और लिखने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

पहचान और अपनेपन की भावना

अपने बच्चे को बहुभाषी बनाने से उन्हें अपनी संस्कृति और विरासत के महत्व की पहचान करने, और साथ ही एक मजबूत व्यक्तिगत पहचान का निर्माण करने में सहायता मिल सकती है। एक अन्य भाषा को समझ पाना आपके बच्चे को आपकी घरेलू भाषा और संस्कृति को बेहतर ढंग से समझने में सहायता देता है। बहुभाषी होने से आपकी संस्कृति के रीति-रिवाजों, विचारों और दृष्टिकोणों की समझ मजबूत होती है।

अंग्रेज़ी सीखना

यदि आपका बच्चा अभी भी अंग्रेज़ी बोलना, पढ़ना और लिखना सीख रहा है, तो वह "अतिरिक्त भाषा/बोली के तौर पर अंग्रेज़ी सीखने वाला छात्र (EAL/D)" है। आपके बच्चे को अंग्रेज़ी में और अधिक निपुणता प्राप्त करने में मदद के लिए स्कूल में अतिरिक्त सहायता दी जा सकती है। इसका अर्थ यह हो सकता है कि वे स्कूल में एक विशेषज्ञ EAL/D टीचर के साथ काम करें या आपके बच्चे के मुख्य टीचर आवश्यकतानुसार कक्षा में अतिरिक्त सहायता प्रदान करें।

सितंबर 2021 में प्रकाशित, मई 2026 में अपडेट किया गया

act.gov.au

ACT Government

अंग्रेज़ी सीखने में समय लगता है, और आपका बच्चा/बच्ची अपनी दर से प्रगति करेगा/गी। आप अपने बच्चे के साथ अपनी घरेलू भाषा में बात करते रहकर उनकी मदद कर सकते हैं। विशेषज्ञों को पता चला है कि अंग्रेज़ी या किसी अन्य भाषा को सीखते समय अपनी घरेलू भाषा को बनाए रखना बहुत सहायक होता है। घर पर अपनी भाषा का उपयोग जारी रखने से अंग्रेज़ी सीखना आसान हो सकता है, क्योंकि एक भाषा में सीखी गई अवधारणाएं अक्सर दूसरी भाषा में स्थानांतरित हो जाती हैं।

दुभाषिया सेवाओं का उपयोग करना

अपने बच्चे के स्कूल से बातचीत करने के लिए आपको अंग्रेज़ी बोलनी आती हो, यह ज़रूरी नहीं है। अगर अंग्रेज़ी आपकी प्रथम भाषा नहीं है और आप अपनी घरेलू भाषा में बात करने में ज़्यादा सहज महसूस करते/ती हैं, तो आप स्कूल से दुभाषिए की व्यवस्था का अनुरोध कर सकते/ती हैं। इस सेवा के लिए आपसे कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। स्कूल परिवारों के लिए फ़ोन पर दुभाषिया सेवाएँ भी प्रदान कर सकते हैं। अगर आपको या आपके परिवार के किसी सदस्य को स्कूल से बातचीत करने में मदद की ज़रूरत है, तो आप इस सेवा के लिए अनुरोध कर सकते/ती हैं। यह सेवा निम्नलिखित में आपकी मदद कर सकती है:

- अभिभावक-शिक्षक साक्षात्कार (पेरेंट-टीचर इंटरव्यूज़)
- अंग्रेज़ी में लिखी स्कूल रिपोर्ट को समझना
- अगर आपको किसी ऐसे दस्तावेज़ पर हस्ताक्षर करने के लिए कहा जा रहा है, जिसे आप पढ़ नहीं सकते/ती हैं
- आपके बच्चे की सकुशलता से संबंधित मुलाकातें



घर पर अपने बच्चे की मदद कैसे करें

अपनी घरेलू भाषा में पढ़ना-लिखना सीखने से आपके बच्चे को अंग्रेज़ी में पढ़ना-लिखना सीखने में भी मदद मिलेगी। बच्चे अपनी घरेलू भाषा के कौशल का उपयोग अंग्रेज़ी में अवधारणाओं को सीखने और समझने के लिए करते हैं।

आप निम्नलिखित काम कर सकते/ती हैं:

- हर दिन अपने बच्चे के साथ अपनी घरेलू भाषा का प्रयोग करें। इससे आपकी घरेलू भाषा बरकरार रहती है और आपके बच्चे के साथ आपका रिश्ता मज़बूत बना रहता है।
- अपने बच्चे के साथ अपनी घरेलू भाषा में किताबें पढ़ें और टीवी शो देखें। ज़रूरी नहीं कि ये शैक्षिक ही हों, मनोरंजन के लिए भी ऐसा करना महत्वपूर्ण है।
- अपने बचपन के गीत और कहानियाँ उनके साथ साझा करें। परिवारों के पास एक समृद्ध विरासत होती है जिसे वे अगली पीढ़ी को आगे पास कर सकते हैं और बच्चों को अपने माता-पिता और देखभालकर्ता के बचपन के बारे में सुनकर अच्छा लगता है।
- अपने नजदीकी पुस्तकालय (लाइब्रेरी) में जाएँ। ACT पुस्तकालयों में कई भाषाओं में पुस्तकें उपलब्ध हैं जिन्हें आप उधार ले सकते/ती हैं और यहाँ छोटे बच्चों और उनके माता-पिता के लिए द्विभाषी कहानी सुनाने के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।
- अंग्रेज़ी और अपनी घरेलू भाषा में ऑडियो बुक्स सुनें।

सितंबर 2021 में प्रकाशित, मई 2026 में अपडेट किया गया

- अपनी संस्कृति और परंपराओं को साझा करें। टीचर संस्कृति और परंपराओं को साझा करने में माता-पिता और देखभालकर्ताओं की भूमिका को महत्व देते हैं और कक्षा में आगंतुकों (विज़िटरों) का स्वागत करते हैं। आप अपने बच्चे के टीचर से बात करके कक्षा के साथ कोई पुस्तक या कहानी साझा करने की व्यवस्था कर सकते/ती हैं।
- समुदाय में गतिविधियों की खोज करें। ACT में पूरे वर्ष कई सांस्कृतिक समारोहों और गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। ऐसे परिवारों से मिलें जो आपकी घरेलू भाषा बोलते हैं या अन्य परिवारों के साथ मिलकर अपना खुद का समारोह शुरू करें।
- जैसे-जैसे आपके बच्चे बड़े होते जाते हैं, अपनी घरेलू भाषा का उपयोग करना जारी रखें। कभी-कभी बड़े होने पर बच्चे अंग्रेज़ी में बातचीत करने को प्राथमिकता देते हैं। अपने बच्चों से दो (या अधिक) भाषाओं की जानकारी होने के लाभों के बारे में बात करें। अपनी घरेलू भाषा में बोलना जारी रखें और इसे अपने परिवार की भाषा और संस्कृति के रूप में उपयोग करने के लिए प्रतिबद्ध रहें, क्योंकि यह गर्व की बात है।

संदर्भ

Hertzberg, M. L., और Valdez, C. (2026)। मुख्यधारा कक्षाओं में EAL/D छात्रों को पढ़ाना (द्वितीय संस्करण)। प्राइमरी इंग्लिश टीचिंग एसोसिएशन ऑस्ट्रेलिया (PETAA)।

सितंबर 2021 में प्रकाशित, मई 2026 में अपडेट किया गया

act.gov.au

ACT Government